भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3222
16 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए नियत

''नई परियोजनाओं की स्थापना''

3222. श्री मारगनी भरत:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नई परियोजनाओं की स्थापना किए जाने के संबंध में प्रोजेक्ट टुडे की रिपोर्ट के अनुसार आंध्र-प्रदेश दूसरा सर्वाधिक पसंदीदा गंतव्य स्थान है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में किन-किन क्षेत्रों में निवेश प्राप्त हुए हैं;

(घ) क्या सरकार आंध्र-प्रदेश को देश में प्रमुख निवेश गंतव्य स्थान बनाने में सहायता करेगी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) से (ड.) : यथापेक्षित सूचना भारी उद्योग विभाग द्वारा समानुक्रमित नहीं की जाती। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति एक समर्थकारी नीति है जो पूरे देश में समान रूप से लागू होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत एक आकर्षक और निवेशक अनुकूल गंतव्य स्थान बना रहे, भारत सरकार समय-समय पर इस नीति की समीक्षा करती है।

*****